Di Code 233305344695

School Code 641233

# KANYA SHIKSHA PARISAR, SEHORE

RUN BY SURYA FOUNDATION

Sehore-Indore by pass Road, In front of R.T.O. Office,
Crescent Resort Cross Road, Sehore - 466001 (M. P.)

9540780079 sehoreksp@gmail.com kspsehore.ac.in

## ONLINE UPS हेतु सीमित निविदा आमंत्रण

कन्या शिक्षा परिसर सिहोर, सूर्या फाउण्डेशन, नई दिल्ली द्वारा पी.पी.पी. मोड पर संचालित विद्यालय में कंप्यूटर लैब के लिए ऑनलाइन यू.पी.एस हेतु टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जाता है।

**महत्वपूर्ण विवरण**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा भरने वाले आपूर्तिकर्ता का नाम और प्रकार | - | |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता,फोननंबर, ईमेल इत्यादि | - | |
| 3. | निविदा की तारीख़ | - | 22 फ़रवरी 2024 |
| 4. | निविदा भरने की तारीख़ | - | 22 फ़रवरी 2024 से 2 मार्च 2024 तक. |
| 5. | निविदा भरकर भेजने की अंतिम तारीख़ | - | 2 मार्च 2024 सायं 5 बजे तक |
| 6. | निविदा खुलने की संभावित तारीख | - | 4 मार्च 2024 , सुबह 10 बजे. |
| 7. | निविदा शुल्क (अप्रतिदेय) | - | Rs 100/- |
| 8. | निविदा खुलने का स्थान | - | Kanya Shiksha Parisar Sehore, run by Surya Foundation, Sehore-Indore bypass road, in front of RTO Office, Crescent Resort cross road, Sehore (Madhya Pradesh) PIN-466001. Mobile No 9616088184 |

## विवरण

| S. No. | ITEM | BRAND | SPECIFICATIONS | Rate (Including all taxes) | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ONLINE UPS 10 KVA /192VDC | LUMINOUS | 26 AH EXIDE BATTERY<br>STAND & INTERRLINKS<br>16 BATTERY<br>24 MONTHS WARRANTY | | Transportation & Installation Included |
| 2. | | MICROTEK | 26 AH EXIDE BATTERY<br>STAND & INTERRLINKS<br>16 BATTERY<br>24 MONTHS WARRANTY | | Transportation & Installation Included |

आपूर्तिकर्ता के हस्ताक्षर और उसके व्यवसाय-प्रतिष्ठान की मुहर

# निविदा की सामान्य शर्तें
## (TERMS AND CONDITIONS OF TENDER)

1. कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित, जिला सीहोर (म . प्र .) की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक **2 मार्च 2024 सायं 5 बजे** तक विद्यालय की कंप्यूटर लैब के लिए Online UPS हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है ।
2. निविदा लिफाफे पर " **Online UPS हेतु निविदा**" स्पष्टतया लिखा जाना अनिवार्य हैं ।
3. निविदाऐं क्रय सलाहकार समिति के द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष दिनांक **4 मार्च 2024, सुबह 10 बजे** खोली जायेगी । निविदाएं, निविदाकर्ताओं का इंतजार किए बिना नियत तिथि और समय पर खोली जाएंगी ।
4. आपूर्तिकर्ता जिनके पास उस व्यवसाय के लिए लाइसेंस, जी.एस.टी., आयकर रिटर्न कॉपी, पैन कार्ड आदि है उन्हें निविदा फॉर्म के साथ जमा करना होगा।
5. आपूर्तिकर्ता को संबंधित ग्राम पंचायत / नगर पंचायत / नगर-पालिका में पंजीकृत होना चाहिए ।
6. सामग्री आपूर्ति हेतु दर उपरोक्त दिए गये विवरण के अनुसार भरी जानी चाहिए तथा निविदादाता को प्रपत्र की शर्तों पर सहमति हेतु हस्ताक्षर करने अनिवार्य होगें अन्यथा की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा ।
7. निविदा में अंकित की गई दरें एवं एम.आर.पी. पर अधिकतम प्रतिशत छूट सभी करों जैसे- जी.एस.टी एंव अन्य करों सहित अंकित करनी होगी तथा सामग्री की आपूर्ति एफ.ओ.आर. कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित जिला सीहोर (म.प्र.) होगी। आपूर्ति के लिये कोई भी भाड़ा इत्यादि अतिरिक्त देय नहीं होगा ।
8. निविदा फार्म साफ-सुथरे ढंग से भरा जाना चाहिए तथा किसी भी प्रकार की काट-छाट नहीं करे । यदि किसी भी प्रकार का परिवर्तन/संशोधन करना अति आवश्यक हैं तो उसे साफ-साफ तरीके से करते हुए परिवर्तन करे तथा किये गये परिवर्तन पर दिनांक सहित हस्ताक्षर कर सत्यापित करें । किसी भी दशा में ओवरराइटिंग स्वीकार्य नही की जायेगी ।
9. किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित हैं तथा वह न्यूनत मद प्रस्तुत करने वाली निविदा को स्वीकृत करने के लिये बाध्य नही हैं। अधोहस्ताक्षरी किसी भी निविदा को बिना किसी कारण बताये रद्द कर सकते है।
10. निविदा आवेदन शुल्क 100 रूपये सभी के लिए अनिवार्य है जोकि स्कूल को भुगतान किया जाएगा ।
11. यदि कोई सरकारी संस्था निविदा प्रस्तुत करना चाहती हैं तो वे अपने सरकारी विभाग होने का प्रमाण पत्र साथ में संलग्न करें।
12. निविदा देने वाले व्यक्ति की, जिसकी निविदा स्वीकृत की गई है, को आदेश देने की तारीख में लिखी गई समयावधि के भीतर सामान की आपूर्ति करनी होगी होगा यदि अनुमोदित निविदादाता निर्दिष्ट अवधि के भीतर विज्ञापन प्रकाशित करने में असफल रहता है तो उसकी निविदा निरस्त कर दी जाएगी ।
13. यदि किसी सामान की सप्लाई के साथ निर्माता द्वारा कोई भी गिफ्ट सामान या स्कीम दिया जा रहा हैं तो उस पर क्रेता का अधिकार होगा जिसे आपूर्तिकर्ता द्वारा आपूर्ति के साथ दिया जाएगा।
14. आपूर्ति की गयी सामग्री की जांच अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा या अन्य अधिकृत प्रतिनिधि/कमेटी द्वारा की जायेगी। यदि आपूर्ति की गयी सामग्री स्वीकृत निविदा/आपूर्ति आदेश के अनुसार/विनिर्देषन के अनुसार नही पायी गयी तो आपूर्ति को अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित हैं। निविदादाता द्वारा स्वयं के खर्चे पर आपूर्ति की गयी सामग्री को बदलेगा अथवा वापस ले जायेगा ।
15. निविदादाता सामग्री को ठीक तरह से पैक करने के लिए जिम्मेदार होगा ताकि उसे जहाज, रेल एवं सड़क या वायुयान द्वारा साधारण दशा में भेजते समय नुकसान न हो तथा सामग्री अच्छी दशा में नियत स्थान पर प्राप्त की जा सके। किसी भी प्रकार की हानि, नुकसान, टूट-फूट, लीक, सड़क दुर्घटना होने या अन्य कमी की घटना के कारण हुई हानि के लिए निविदादाता/आपूर्तिकर्ता जिम्मेदार होंगे और उस हानि की भरपायी उन्ही के द्वारा की जाऐगी। अधोहस्ताक्षरी इस प्रकार से हुई हानि के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नही होंगे।
16. आपूर्तिकर्ता फर्म को किये जाने वाले भुगतान के निमित्त जारी बैंक ड्राफ्ट आर.टी.जी.एस., एन.ई.एफ.टी. इत्यादि पर होने वाले व्यय संबधित फर्म द्वारा वहन किये जायेंगे ।
17. सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जिला सीहोर (म.प्र.) होगा ।

18. आपूर्ति आदेश आपूर्तक को दस्ती अथवा उपलब्ध करायी गयी ई-मेल Email/Whatsapp पर ही प्रेषित किये जायेगें, अतः सभी निविदादाताओं को विद्यालय को उनके Email/Whatsapp उपलब्ध कराना अनिवार्य है। किसी भी स्थिति में डाक/रजि./स्पीडपोस्ट द्वारा आपूर्ति आदेश नहीं दिये जायेंगे ।
19. आपूर्ति की गयी सामग्री का भुगतान चैंक द्वारा ग्रांट उपलब्ध होने पर किया जायेगा ।
20. निविदादाता फर्म का जी.एस.टी पंजीकरण अनिवार्य हैं । साथ ही अपने/फर्म के पैन कार्ड की प्रति लगाना अनिवार्य है । इसके अभाव में निविदा निरस्त की जा सकती हैं।
21. निविदादाता निविदा के साथ निम्न सत्यापित प्रमाण-पत्र साथ में संलग्न करेंगे :-
    a. आयकर विभाग द्वारा जारी पैन नंबर व जीएसटी नम्बर की स्वसत्यापित प्रतिलिपि ।
    b. यदि निविदादाता अनुमोदित वितरक है, तो सम्बंधित कम्पनियों द्वारा अनुमोदित वितरक का प्रमाण पत्र ।
    c. फर्म के बैंक खाते का विवरण ।
    d. फर्म / मालिक का आधार कार्ड।

PRINCIPAL
KANYA SHIKSHA PARISAR, SEHORE
RUN BY SURYA FOUNDATION
Sehore-Indore By Pass Road, Infront of
R.T.O. Office, Crescent Resort Cross Road
Sehore, Madhya Pradesh -466001

Principal

दिनांक : 22 फ़रवरी 2024

## घोषणा

निविदा प्रपत्र में अंकित शर्त संख्या 01 से 21 तक समस्त शर्तें हमें मान्य हैं। इनके लिए मैं अपनी सहमति प्रदान करता हूँ। मैंने, Principal कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर, सूर्या फाउण्डेशन द्वारा संचालित की सभी शर्तो को भली भांति पढ़ लिया है एवं मैं उन्हें स्वीकार करता हूँ ।

निविदादाता के हस्ताक्षर एंव मुहर